टीईटी की अनिवार्यता समाप्त हो... मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जिले भर से लगभग 600-700 शिक्षक शिक्षिकाओं की रही मौजूदगी

देवास। अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता समाप्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश के प्रतिनिधि अपर कलेक्टर संजीव जैन को ज्ञापन दिया।

इसमें बताया गया कि आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय एवं आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त नॉन-टीईटी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में निवेदन है कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की अधिसूचना दिनांक 10 अगस्त 2010 की कंडिका 4 (क), (ग) एवं कंडिका 5 के अनुसार 03 सितंबर 2001 के पश्चात नियुक्त शिक्षक (संविदा शाला शिक्षक), 03 सितंबर 2001 के पूर्व नियुक्त शिक्षक (शिक्षाकर्मी व संविदा शाला शिक्षक) तथा वर्ष 2011 से 2014 के मध्य गुरुजी से संविदा शिक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षक को टीईटी से छूट प्रदान की गई है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय में भी उक्त छूट का उल्लेख किया गया है। इसके बावजूद विभागीय आयुक्तों द्वारा समस्त सेवारत नॉन- टीईटी शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने हेतु बाध्य किया जाना, अधिसूचना के प्रावधानों एवं माननीय न्यायालय के निर्णय की भावना के विपरीत है। ज्ञापन में मांग की गई है कि आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल द्वारा दिनांक 02 मार्च 2026 तथा आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा दिनांक 26 मार्च 2026 को जारी आदेशों को तत्काल निरस्त करने की कृपा करें। प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त कर उन्हें अनावश्यक मानसिक तनाव से राहत प्रदान करने की कृपा करें। नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों की लंबे समय से की जा रही ज्वलंत मांग को दृष्टिगत रखते हुए उनकी सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किए जाने हेतु आवश्यक आदेश जारी करने की कृपा करें, जिससे पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण जैसे वैधानिक लाभ पदोन्नति/क्रमोन्नति की भांति सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन का वाचन वारिस अली ने किया। दिनेश चौधरी, हिमरतसिह तोमर, राजेन्द्रसिंह सेंधव, अरूण मिश्रा, पुरूषोत्तम सिसोदिया, ने बीएड कॉलेज पर आयोजित धरना एवं रैली को सम्बोधित किया। इस अवसर पर साबिर शेख, अजयसिंह गौड़, दशरथसिंह सेंधव, हजारीलाल चौहान, अनारसिंह ठाकुर, गोविंद चौहान के.के. मिश्रा, सैयद मौकित अली, किशोर वर्मा, सहज सरकार, धरमवीर नरवरिया, विजय सिंह सायल विजेन्द्र वर्मा, राकेश नागौरी, कीर्ति पंचोली, गिरजेन्द्र वर्मा, पुष्पेन्द्र राणा, नानूराम बोंदड़ अनिल राठौर, सुनील कुमावत, दिनेश व्यास, अरविंद सेंधव, धर्मेन्द्र सेंगर, संतोष जोशी, जसवंत कुशवाह, महेश पंवार, राजेन्द्र चौहान, मान सिंह सेंधव ,राजेन्द्र यादव, राजेन्द्र अंसल, अश्विनी मिश्रा, ज्योति वाडेकर, हंसा चौधरी, लक्ष्मी माली, राजबाला दुबे, नीलम वशिष्ठ, अनामिका द्विवेदी, निर्मलासिंह, सीमा पांडे, रीना सेंधव, सहित सभी ब्लाक के 700 शिक्षक मौजूद रहे।

जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर निगमायुक्त ने ली बैठक

देवास। शासन निर्देशानुसार 19 मार्च से 30 जून तक चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत नगर निगम द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा निगमायुक्त दलीप कुमार के द्वारा 7 अप्रेल मंगलवार को निगम अधिकारियों के साथ की गई।

निगमायुक्त ने जल गंगा संवर्धन के अन्तर्गत बडे स्तर पर अभियान के रूप में जलाशयों की सफाई और कुएं-बावड़ी की साफ सफाई और वार्डो में स्थित नालियों की सफाई को लेकर निर्देश दिये। इसी के साथ वर्षा के पानी को पुनः जमीन मे संचय करने को अधिक से अधिक घरों तथा शासकी भवनों, स्कुलों, गार्डनों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जाने के साथ ही जिन भवनो एवं घरो मे बोरवेल नही है उन स्थानों पर रिचार्ज पिट सिस्टम करवाये जाने के साथ ही जिओ टेग फोटो पोर्टल पर अपलोड करवाये जाने के निर्देश दिये। इसी के साथ हरित क्षेत्र विकासित करने एवं मानसून मे पौधारोपण को लेकर जगह चिन्हीत करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने ब्लू स्टार अवार्ड के लिए संबंधित अधिकारियों को कहा।

एक नजर में

वन मंडल देवास में संयुक्त परामर्शदात्री की बैठक संपन्न

देवास। वन मंडल देवास अंतर्गत संयुक्त परामर्शदात्री की बैठक वन मंडल कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में वन मंडल अधिकारी अमितसिंह द्वारा आवेदन में सम्मिलित मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई, कुछ मांगों का तत्काल निराकरण किया गया। मांगों का जिलाध्यक्ष वन कर्मचारी संघ सत्यनारायण निनामा देवास द्वारा प्रस्तुतिकरण किया गया। साथ ही निनामा द्वारा आग्रह किया गया कि कर्मचारी की शिकायत प्राप्त होने पर बिना जांच किये कोई कार्यवाही नहीं की जाए, अभी प्राय देखा गया है कि वन कर्मचारियों पर बिना विभाग की अनुमति के एफआईआर दर्ज की गई है। निवेदन किया गया कि ऐसी स्थिति निर्मित न होने दे। इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेन्द्रसिंह राजपूत, तृतीय कर्मचारी संघ अशोक वर्मा, पेंशनर्स संघ अध्यक्ष गंगासिंह सोलंकी, परमानंद चौहान, हेमराज गोखले, नर्मदाप्रसाद शर्मा, जीयालाल वर्मा, जगदीश तिवारी आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी हेमराज गोखले ने दी।

श्रीमती ठाकुर के निधन पर श्रद्धांजलि

देवास। सीहोर जिले के जावर तहसील के ग्राम गुराडिया खुर्द निवासी श्रीमती शैतान देवी ठाकुर के दुखद निधन पर शोकाकुल परिवार में पहुंच करजनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रेवाराम सारण ने पहुंच करके श्रद्धांजलि अर्पित की।

आयुक्त ने की स्वच्छता सर्वेक्षण कार्यो की समीक्षा

देवास। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए वार्डो में की जाने वाली साफ सफाई, बेकलेन सफाई, पेवर्स ब्लाक सफाई, डिवाईडरों की सफाई, नालियों की सफाई, गार्डनों की सफाई, ग्रीनकृरी, गार्बेज गीला, सुखा मिक्स कचरा नहीं आने को लेकर किये जाने वाले कार्यो के निर्देश आयुक्त दलीप कुमार ने पर गत सप्ताह किये जाने वाले तैयारियों एवं वार्डो के आयुक्त ने गत सप्ताह वार्ड के स्वच्छता निरीक्षकों एवं वार्ड दरोगाओं को निर्देश दिये थे। जिसकी समीक्षा बुधवार 8 अप्रेल को बैठक के दौरान आयुक्त ने की। आयुक्त ने सर्वेक्षण गाईड लाईन अनुसार वार्डो में जो कार्य शेष हैं उन्हें आगामी 4 दिवस में पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। वहीं रात्रीकालीन सफाई को लेकर दिशा निर्देश देते हुए अमानक पॉलिथीन जप्त कर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश के साथ मुख्य मार्गो, चौराहों से अस्थाई अतिक्रमण, मुख्य मार्गो एवं चौराहों एवं वार्डो से बेनर, पोस्टर हटाने की कार्रवाई के निर्देश दिये। जिन स्थानों पर लीटरबिन सुधार एवं नवीन लीटरबिन लगाई जाना हैं उन स्थानों पर समय सीमा के कार्य संपादित किये जाने हेतु कहा। वार्डो मे चल रहे निर्माण कार्य स्थलों को ग्रीन नेट से कवर करावये जाने हेतु कहा। नाला, नाली बेकलेन की गाद सफाई के दौरान सफाई मित्रों को सुरक्षा उपकरणों का उपयोग कर कार्य करवाने हेतु संबंधित अधिकारियों को कहा। आयुक्त ने आगामी 4 दिवस में शेष रहे कार्यो का शीघ्रता से कार्य करने के निर्देश के साथ सार्वजनिक शौचालयों, बस स्टेण्ड, मुख्य चौराहो की निरंतर सफाई हो,सभी प्रतिष्ठानों पर गीले एवं सुखे कचरे के लिए लीटरबिन हो, लीटरबिन नही पाये जाने पर चालानी कार्रवाई किये जाने के निर्देश संबंधितस्वच्छता निरीक्षकों को दिये। पर्यावरण के सुधार को दृष्टिगत रखते हुए इंडियन बैंक शाखा देवास द्वारा सिएसआर फण्ड से 5 हजार कपडे के थेली ग्राहकों को वितरण हेतु महापौर श्रीमती गीता अग्रवाल, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त दलीप कुमार को महापौर जनसुनवाई के दौरान शाखा प्रबंधक संदीप प्रीयदर्शी,जोनल मैनेजर खिलेश वर्मा के द्वारा भेंट की गई। जिसका वितरण ग्राहकों को किया जावेगा।

जनसुनवाई में मिले आवेदन निराकरण के लिए भेजे

देवास। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने महापौर जनसुनवाई के अन्तर्गत बुधवार 8 अप्रेल को निगम बैठक हाल मे नागरिकों से उनकी निगम संबंधि समस्याओं के आवेदन प्राप्त किये।

इसमें आवास नगर के बीच मार्ग पर चेम्बर्स बनाने एवं गंदगी साफ करवाने, वार्ड 20 विकास नगर में सी.सी. रोड की सडक बनवाने, वार्ड 20 मे ही पानी की निकासी करवाने, उज्जैन रोड से अतिक्रमण हटवाने, मेंढकी में प्राचीन बावडी के संरक्षण करने के साथ ही अन्य समस्याओं के आवेदन महापौर को नागरिकों के द्वारा दिये गये। महापौर ने प्राप्त आवेदनों का निराकरण किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।जनसुनवाई के दौरान महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के साथ 6 खाद्य एवं अखाद्य लायसेंसो का वितरण व्यवसाईयों को किया गया। इस अवसर पर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, आरती खेडेकर, उपायुक्त वित्त दिपक पटेल, प्र.कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, सहायक यंत्री जगदीश वर्मा, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, सहायक यंत्री दिनेश चौहान, मुशाहीद हन्फी, कार्यालय अधिक्षक रणजीतसिंह पंजाबी, राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव, उपयंत्री विजय जाधव, श्याम सुन्दर रघुवंशी, राजेश कौशल, जीवन रावत, पलक श्रीवास्तव, सुर्यप्रकाश तिवारी, स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार, हरेन्द्रसिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

महिला टॉयलेट में गंदगी को लेकर एसडीएम नाराज

सोनकच्छ। नगर के सिविल अस्पताल की अव्यवस्था दूर करने के लिए एसडीएम आनंद मालवीया ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीएमओ राकेश कुमार देवास में मीटिंग होने से उपस्थित नही हो सकें थे।

अस्पताल की ओर से बीपीएम दीपक चौहान मौजूद थे। एसडीएम ने दवाई वितरण कक्ष सहित अन्य व्यवस्था देखी। एसडीएम ने पुराने अस्पताल भवन में बनी महिला टॉयलेट में गंदगी का अम्बार देखा। यहां नल टूटे पाए गए। इस पर एसडीएम ने चौहान व अस्पताल प्रबंधन पर नाराजगी व्यक्त की। एसडीएम पेयजल व्यवस्था की ओर गए वहां भी गंदगी मिली। आरओ मशीन भी बंद पायी गई। ड्रेसिंग रूम में रखें स्ट्रेचर पर खुन लगा हुआ था। यहां बेड भी गंदे थे। उन्हें बदलने के लिए एसडीएम ने निर्देश दिए है। कक्षों पर गलत प्लेट लगी होने उन्हें बदलने के लिए कहा है। 50 बिस्तर अस्पताल होने के बावजूद 20 बिस्तर (बेड) लगे थे 30 बेड का इंतजाम करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी से पत्राचार कर व्यवस्था करने के लिए कहा है। एसडीएम ने तमाम अव्यवस्था को जल्द दुरस्त करने के सख्त निर्देश दिए है। इस दौरान एसडीएम के रीडर रजत सिंह गौतम ने तमाम कमियों को लिखकर लेकर गए है। नवभारत ने बुधवार के अंक में सिविल अस्पताल में वाटर कूलर-आरओ मशीन लगी, फिर भी मरीज और उनके परिजन को गंदा व गर्म पानी पीना पड़ रहा शीर्षक से प्रमुखता से खबर का प्रकाशन कर शासन प्रशासन का ध्यान इन समस्याओं से अवगत कराया था।

ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का शुभारंभ

देवास। उड़ान स्पोर्ट्स विकास समिति एवं खेल युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन खेल कराते शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बच्चों ने चिड़ियों के लिए पानी की व्यवस्था कर पर्यावरण संरक्षण तथा जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का सराहनीय संदेश दिया। समिति के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजन को विशेष रूप से उत्सव का रूप दिया गया। समिति द्वारा बीते दस वर्षों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी साझा की गई। वक्ताओं ने बताया कि समिति ने निरंतर खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य किया है। युवा समन्वयक जावेद पठान ने अपने संबोधन में बच्चों को खेलों के क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न अवसरों की जानकारी देते हुए उन्हें अनुशासन, मेहनत और निरंतर अभ्यास के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक हैं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही बच्चों के द्वारा इस अवसर पर एक और सराहनीय पहल की गई चिड़ियों के लिए पानी की व्यवस्था। जावेद पठान ने कहा यह हमें प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति हमारी जिम्मेदारी का एहसास कराती है। जब हम अपने आसपास छोटे-छोटे जीवों का ध्यान रखते हैं, तभी हम सच्चे अर्थों में जागरूक नागरिक बनते हैं।

सादी खेड़ा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए पंचों का जमावड़ा

भौरासा। ग्राम पंचायत सादी खेड़ा में कई दिनों से उठा पटक का खेल जारी है जिसके तहत भाजपा व कांग्रेस समर्पित 16 पंचो मेसे सरपंच सहित 13 पंच ग्राम पंचायत पहुंचे।

इसमें से 11 पंचों द्वारा सरपंच ललताबाई पति फूल सिंह के खिलाफ पंचों द्वारा साइन किए गए व दो सरपंच के पक्ष में साइन किए गए। इस अवसर पर 13 लोग उपस्थित हुए। पहला आवेदन सोनकच्छ एसडीएम को 16 दिसम्बर 2025 को दिया गया था उस आवेदन की प्रक्रिया का भौतिक सत्यापन 29 जनवरी 2026 को सभी पंच को मिला था, परन्तु किसी कारण वंश वह निरस्त हो गया था व दुसरा आवेदन एव तीसरा आवेदन देवास कलेक्टर को 01 फरवरी 2026 को दिया गया था एव चौथा आवेदन फिर कलेक्टर को दिया गया जिसके तहत आज भौरासा नायब तहसीलदार हर्षल बहरानी ने ग्राम पंचायत सादिखेड़ा मे डाक्यूमेंट वैरीफीकेसन किया जिसमे 11 पांचो ने हस्ताक्षर किए गए 11 पंचों द्वारा सोनकच्छ एसडीएम को सादीखेड़ा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था ग्राम पंचायत शादी खेड़ा में 16 पंचों की पंचायत है जिसमें से सोनकच्छ एसडीएम को सरपंच के खिलाफ आवेदन देने 11 पंचो द्वारा अपने स्वीकृति प्रदान कर आवेदन सोनकच्छ एसडीएम को सोपा गया था जिसके तहत सोनकच्छ एसडीएम द्वारा 8 अप्रैल 2026 को भौरासा नायब तहसीलदार हर्षल बहरानी

व भौंरासा पटवारी अशोक चौहान को शादी खेड़ा ग्राम पंचायत मे जांच के लिए पहुंचाया गया जहां ग्राम पंचायत शादी खेड़ा के 11 पंचों द्वारा एक मत होकर सरपंच को हटाने के प्रस्ताव पर साइन किए गए वही नायब तहसीलदार द्वारा मीडिया से चर्चा में बताया गया कि पिछले दिनों सोनकच्छ एसडीम महोदय को सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए एक पत्र प्राप्त हुआ था जिसके सत्यापन हेतु आज हम यहां उपस्थित हुए हैं और सत्यापन सही पाया गया है इसके आधार पर अब रिपोर्ट बनाकर सोनकच्छ एसडीएम को सोपी जाएगी वही पंचों द्वारा बताया गया गया की पिछले तीन-चार सालों में सरपंच द्वारा हमारी ग्राम पंचायत में कुछ भी विकास के काम नहीं कराए गए हैं एव केवल हमारी पंचायत मे 15 अगस्त व 26 जनवरी पर ही झंडा वंदन के लिए खुलता है और भी कई अनियमिताएं हमारी पंचायत में है जिसको लेकर आज हम अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं। अजब मालवीय, इकबाल भाई, रचना सोलंकी, मिथुन कुशवाह, नेहा कुशवाह, कल्पना यादव, राहुल उपाध्याय, रूखसना बी, बबीता बाई, रेहाना बी, सलमा बी, आदि उपस्थित रहे।

पीपलरावां नगर परिषद में प्रशासक नियुक्ति की मांग

पीपलरावा। पीपलरावां नगर परिषद में प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर परिषद के सुचारू संचालन के लिए प्रशासक नियुक्त किए जाने की मांग को लेकर पिपलरावा नगर परिषद के 9 पार्षदों द्वारा हस्ताक्षर किए हुए आवेदन को कलेक्टर देवास को सौंपा। वार्ड 1 के पार्षद प्रतिनिधि बबलू हाड़ा वार्ड 2 पार्षद अनिल आदिवासी वार्ड 7 शाकिर खां वार्ड 8 प्रतिनिधि मोनू भावसार वार्ड 10पार्षद प्रतिनिधि राहुल राठौर वार्ड 12 प्रतिनिधि बाबूलाल शिंदे वार्ड वार्ड 13 राधे

बरेठा वार्ड 15 प्रतिनिधि दीपक बिलवाल ने संयुक्त रुप से कलेक्टर देवास को ज्ञापन में बताया गया कि उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश में नगर परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के विशेषाधिकार समाप्त हो चुके हैं। इस स्थिति में परिषद के नियमित कार्यों के संचालन में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं।आवेदन में उल्लेख किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 प्रारंभ होने के साथ ही 1 अप्रैल से विभिन्न विकास कार्यों और भुगतान प्रक्रियाओं पर असर पड़ रहा है। प्रशासनिक निर्णय लेने में कठिनाई आ रही है, जिससे नगर परिषद के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि वर्तमान स्थिति में परिषद के पास प्रशासनिक अधिकारों का अभाव है, जिसके चलते विकास कार्य ठप पड़ने की आशंका है। ऐसी स्थिति में शीघ्र ही प्रशासक नियुक्त करना आवश्यक बताया गया है, ताकि नगर परिषद के कार्य नियमित रूप से संचालित हो सकें।आवेदन में कलेक्टर से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द प्रशासक की नियुक्ति की जाए, जिससे नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों की गति बनी रहे।

मनीषा लाठी अभा मारवाड़ी महिला सम्मेलन प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त

सोनकच्छ। देवास जिला माहेश्वरी महिला संगठन की सचिव, वनबंधु परिषद महिला सहसमिति सोनकच्छ की संस्थापक अध्यक्ष मनीषा लाठी को मंगलवार को उज्जैन में आयोजित अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के प्रांतीय शपथग्रहण समारोह एवं प्रथम प्रांतीय बैठक जागृति 2026 में राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राठी एवं राष्ट्रीय सचिव बबीता बागड़िया की उपस्थिति में प्रांतीय अध्यक्ष संतोष सोडानी ने पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष इन्दु सोमानी की अनुशंसा पर प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर मनीषा लाठी को राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राठी एवं राष्ट्रीय सचिव बबीता बागड़िया ने शपथ दिलाई और उन्हें मारवाड़ी महिला सम्मेलन के माध्यम से पीड़ित मानवता की सेवा में तन मन और धन से जुटने का संकल्प दिलाया।

प्रभाकर से पुष्पित और पल्लवित है यह मधुबन : देवकृष्ण

देवास। प्रदेश के मूर्धन्य कवि साहित्यकार स्व. प्रभाकर शर्मा बंधु की पुण्यतिथि विशेष पर नगर में बड़ा साहित्यिक आयोजन किया गया। संस्कृति साहित्य रचनालय संसार म.प्र. द्वारा इस अवसर पर आयोजित काव्योत्सव में नर्मदापुरम के कवि गीतकार ओमप्रकाश यादव को प्रदेश का लब्ध प्रतिष्ठित श्री प्रभाकर प्रशस्ती सम्मान 2026 से अलंकृत किया गया। आयोजन के सारस्वत अतिथि सर्वब्राह्मण समाज संघ जिलाध्यक्ष एडव्होकेट प्रशांत शर्मा, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैनेन्द्रसिंह पंवार राजा एवं संस्कृतिकर्मी सलीम शेख थे।

काव्योत्सव की अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि एवं विचारक देवकृष्ण व्यास ने की। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत दिलीप मांडलिक, विजय जोशी, शरीफ खान, अक्षय गोस्वामी ने किया पश्चात कवियत्रि कनिष्का भावसार ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुत दी। स्वागत भाषण गीतकार विनोद मंडलोई ने एवं सुधी संचालन प्रदेश अध्यक्ष संसार त्रिभुवन शर्मा ने किया। आमंत्रित कवियों में ओमप्रकाश यादव का गीत मां तेरे चरणों में सारे तीरथ चारों धाम मां तुम्हें प्रणाम को विशेष सराहा गया। बड़ी संख्या में श्रोताओ की उपस्थिति रही जिसमें कवि राजेन्द्र तिवारी नीलम, देव निरंजन, राजेश चौधरी, कवियत्री आरती गोस्वामी, साधना टोक्कर, मोईन खान मोईन, राजेश राज, जयप्रकाश जय, मकसूद शाह आदि कवियों ने काव्य पाठ कर खूब तालियां बटोरी।

एक नजर में

वेदांता अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. भरत रावत ने सभी को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी

वरिष्ठ नागरिकों का योगदान समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत : कलेक्टर सिंह

देवास। वरिष्ठजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं, उनके अनुभव और मार्गदर्शन से ही समाज को सही दिशा मिलती है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बुधवार को मल्हार स्मृति मंदिर परिसर में आयोजित वरिष्ठ नागरिक संस्था के स्थापना दिवस समारोह में संस्था के 30 वर्षों के सफर को गौरवपूर्ण बताते हुए वरिष्ठजनों के योगदान को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। कार्यक्रम में कलेक्टर सिंह ने वरिष्ठ नागरिक संस्था के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मेरे लिए गौरव की बात कि मैं इस

आयोजन का हिस्सा बना, जिसमें जिले के सम्मानीय वरिष्ठ नागरिक सदस्य हैं, जिन्होंने अपने उल्लेखनीय कार्यों से समाज के नागरिकों की निस्वार्थ भाव से सेवा की है। उन्होंने कहा कि आप सभी के प्रयासों से संस्था में बहुत खुशनुमा माहौल बना हुआ है। उन्होंने सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह शुभकामना व्यक्त की कि उनका जीवन स्वस्थ और प्रसन्नतापूर्ण रहे। उन्होंने बताया कि आगामी समय में संपूर्ण जिले में नागरिकों के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। नागरिक संस्था से जुड़कर संस्था को सुदृढ़ बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन हमेशा संस्था के लिए हमेशा तत्पर है। इस अवसर पर वेदांता अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. भरत रावत ने सभी को सलाह दी कि आवश्यकता से अधिक और आवश्यकता कम से उपचार से बचें। उन्होंने बताया कि सभी को प्रतिदिन दो किलोमीटर पैदल चलना चाहिए एवं नियमित व्यायाम व सूर्य नमस्कार करना चाहिए, जिससे बीपी, शुगर, हृदय संबंधी रोगों आदि से बचा जा सके। उन्होंने सभी को धुम्रपान एवं मदिरापान न करने की सलाह दी। उन्होंने सलाह दी कि छोटी-छोटी बातों पर मुस्कुराना सीखें एवं दूसरें के चेहरे पर भी मुस्कुराहट लाएं। उन्होंने सभी से सादगी भरा जीवन जीने की बात कही। इस कार्यक्रम में बताया गया कि इस संस्था की स्थापना 8 अप्रैल 1997 में डॉ. एम.व्ही भाले एवं डॉ. डीपी श्रीवास्तव ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर की थी जो कि आज तक निरंतर गतिमान है। संस्था का मूल उद्देश्य समाज में हाशिये पर जाते वरिष्ठजनों का जीवन सुखद एवं स्वथ्य रहे इसके लिए निरंतर प्रयास करना है।